हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

11 मानसून के मद्देनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल ...

12 रोहतक में 26 खेलों की होगी ट्रायल स्टेट महाकुंभ ...


## खबर संक्षेप

### प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 से 24 जुलाई तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड दूसरे वर्ष की रेगुलर व री-अपीयर और संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 से 24 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### मदविः परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमएससी गणित ऑनर्स पंचवर्षीय के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### आज होगी परिवेदना समिति की बैठक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में 2 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक के एजेंडे में 15 शिकायतें शामिल की गई। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बैठक के एजेंडे में शामिल शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निपटारे बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। सभी विभागाध्यक्ष मासिक बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### तिलियार झील पर कैडेट्स के लिए एसएसबी प्रशिक्षण



**रोहतक।** मंगलवार को तिलियार झील पर सीनियर विंग कैडेट्स के लिए एक दिवसीय एसएसबी प्रशिक्षण व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसके लिए दिल्ली से भारतीय सेना अकादमी देहरादून के भूतपूर्व प्रशिक्षार्थी इंजीनियर दीपक कुमार प्रसाद ने सभी कैडेट्स को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन दिया । इसके साथ ही विभिन्न स्कूल की छात्रा जो कैंप में मौजूद है उन्हें तिलियार चिड़ियाघर की सैर करवाई गई। इस मौके पर सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### वरिष्ठजन व दिव्यांगजनों के लिए शिविर आज

**रोहतक।** डीसी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा अलिम्कों कंपनी के सहयोग से 2 जुलाई को सुबह 9 बजे जिला के गांव बनियानी स्थित कम्युनिटी सेंटर में वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ हॉस्पिटल वेलफेयर समिति की अध्यक्षा सुमन बाला करेंगी। इस जांच शिविर में एक और जहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानों की मशीन, कमर बेल्ट, डोगा, कॉलर बेल्ट, व्हील चेयर, चश्मा आदि का नाप लिया जाएगा।

### अंबेडकर कॉलोनी में पेयजल की किल्लत

**रोहतक।** वार्ड-21 स्थित अंबेडकर कॉलोनी, गली नंबर एक के निवासियों को पिछले कई दिनों से पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को पानी के टैंकर मंगवाकर या फिर दूर स्थित कन्हैली के हैडपंप से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इस संकट से करीब 50 से ज्यादा परिवार प्रभावित हैं। समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों ने समाजसेवी जसबीर कुमार के नेतृत्व में पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्शन से मुलाकात की।

---

सांपला में हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक, एक साल में 0.46 मीटर ऊपर आया पानी

# चौवा एक साल में 0.094 मीटर चढ़ा जिले में खेती पर खतरा और बढ़ा

- लाखनमाजरा और महम में भी स्थिति सही नहीं
- रोहतक और कलानौर खंड में थोड़ा सा सुधार

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

वर्ष 1995 में आई बाढ़ के बाद से जिले में भूजल स्तर बढ़ने का जो सिलसिला प्रारंभ हुआ था, वह निरंतर जारी है। साल 2024 में जमीनी पानी का स्तर एवरेज 3.88 मीटर था। जो इस वर्ष बढ़कर 3.786 मीटर हो गया है। यानी के एक साल में 0.094 मीटर पानी की बढ़ोतरी हो गई है। अगर पानी के नित बढ़ रहे स्तर को नहीं रोका गया तो खेती-किसानी पर संकट छा जाएगा। वर्ष 2021 में सरकार द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक जिले की कुल 412436 कृषि योग्य भूमि में से मात्र 50075 एकड़ जमीन ऐसी है, जो पूरी तरह से खेती के लायक है। जबकि 362361 एकड़ जमीन सेमग्रस्त है।

362361 एकड़ में से 330095 एकड़ ऐसी है, जिसका भूजल स्तर 0 से 1.5 मीटर तक है। 32266 एकड़ ऐसी है, जिसके जमीनी पानी का स्तर 1.5 से 3 मीटर तक है। कृषि विभाग उस जमीन को पूरी तरह से खेती के लायक मानता है,जिसका भूजल स्तर पर 3 मीटर से ज्यादा हो।



| खंड | पानी की गहराई 2024 में | पानी की गहराई 2025 में | अंतर | कुएं |
|---|---|---|---|---|
| रोहतक | 4.19 मीटर | 4.22 मीटर | 0.3 मीटर | 32 |
| कलानौर | 3.54 मीटर | 3.67 मीटर | 0.13 मीटर | 19 |
| लाखनमाजरा | 4.12 मीटर | 4.06 मीटर | 0.06 मीटर | 10 |
| महम | 3.85 मीटर | 3.74 मीटर | 0.11 मीटर | 23 |
| सांपला | 3.70 मीटर | 3.24 मीटर | 0.46 मीटर | 14 |

### यूं बढ़ रहा है खतरा

भूजल स्तर बढ़ने से जमीन बरसाती पानी को सोख नहीं पाती है। जिससे बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं। और बाढ़ फसलों को तबाह कर देती है। ज्यादा बारिश होने पर पानी में पैदा होने वाली धान फसल भी खत्म हो जाती है। इतना नहीं अगर सर्दी में अगर थोड़ी सी अधिक बरसात हो जाती है तो भी रबी की फसलें बचती नहीं हैं। वजह है जमीन पानी सोख नहीं पाती। अगर जमीन का स्तर 4-5 मीटर हो तो वह भारी से भारी बरसात के पानी को सोख लेता है। जिससे फसल खराब होने से बच जाती हैं।

### धान ने बिगाड़े हालात

साल 1995 में आई बाढ़ के बाद किसानों ने ज्वार, बाजरा, ग्वार की खेती को छोड़कर धान को अपना लिया। चूंकि धान में पानी ज्यादा लगता है। किसान नहरों से पानी की चोरी करके फसल तैयार करते हैं। जिसकी वजह से पानी का स्तर प्रतिवर्ष बढ़ जाता है। जमीनी पानी की निकासी होती नहीं है। इसका एक ही कारण है कि वह खेती लायक नहीं है। अगर किसान जमीनी पानी का प्रयोग करें तो फसल खत्म हो जाती है। क्योंकि पानी में नमक की मात्रा अत्याधिक है। केवल नहरों और माइनरों के साथ की जमीन का पानी खेती में दिया जा सकता है।

ऐसे में फसल बाढ़ की चपेट में नहीं आती है। क्योंकि जमीन बरसाती पानी को सोख लेती है। जिससे फसल खराब नहीं होती।

### जून में किया जाता है सर्वे

जमीन पानी का स्तर जांचने के लिए ग्राउंड वाटर सेल विभाग द्वारा हर साल जून में सर्वे किया जाता है। इसके लिए विभाग ने जिले के सभी पांच खंड में 79 कुएं चिन्हित किए हैं। रोहतक खंड में 32, कलानौर में 19, महम में 23, लाखनमाजरा में 10 और सांपला में 14 कुएं हैं। हाल ही संपन्न हुए सर्वेक्षण में पाया गया है कि रोहतक और कलानौर खंड में पानी का स्तर कम हुआ है। जबकि लाखनमाजरा, महम और सांपला का भूजल स्तर बढ़ा है। सांपला खंड के हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक हैं। एक साल में 46 सेंटीमीटर का लेवल और ऊपर गया। इसी प्रकार लाखनमाजरा में 10 और महम ब्लॉक में 23 सेंटीमीटर पानी का स्तर बढ़ा है। आज से तकरीबन 30-35 साल पहले महम खंड एरिया को बैरानी माना जाता था। लेकिन अब हालात साल दर साल बदल रहे हैं।

### किसान मजबूर


धान बोने के लिए किसान मजबूर हैं। ये मजबूरी क्यों है, इसे आप ऐसे जान सकते हैं। मान लें कि धान की बजाय आपने पांच एकड़ में कपास, बाजरा बिजाई कर दी है। लेकिन आपके पड़ोसी किसान ने धान रोप दिया। धान को ज्यादा से ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। जबकि कपास और बाजरा को बहुत ही कम। जब आपका पड़ोसी धान में पानी भरेगा तो आपकी बाजरा और कपास की फसल खत्म हो जाएगी। ऐसे में देखा-देखी किसानों को धान ही बोना पड़ता है।

---

शैक्षणिक-प्रशासनिक गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगे

# डॉ. अशोक चौहान बने पीजीआई के नए डीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. के. अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए क्षेत्रीय कैंसर विज्ञान संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान को पीजीआईएमएस का नया डीन नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ डॉ. चौहान अब संस्थान की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी नियुक्ति पर कुलपति डॉ. एच. के. अग्रवाल और निदेशक डॉ. एस. के. सिंघल ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संस्थान को नई दिशा और ऊंचाई मिलेगी। डॉ. अशोक चौहान वर्तमान में क्षेत्रीय कैंसर विज्ञान संस्थान में रेडिएशन ओंकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब वे पीजीआईएमएस में डीन के रूप में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। डॉ. सिंघल ने बताया कि डॉ. चौहान का प्रशासनिक और शैक्षणिक अनुभव संस्थान के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगा। वे ट्रॉमा सेंटर, चौ. रणबीर सिंह ओपीडी और सुश्रुत सभागार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स के डिजाइन व निर्माण में अहम भूमिका निभा चुके हैं।



### फ्लोरबॉल में हरियाणा ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया

**रोहतक।** इन्डियन फ्लोरबॉल फेडरेशन द्वारा आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में 29 जून से 1 जुलाई 2025 तक आयोजित किए जा रहे 10 वें फ्लोरबाल फेडरेशन कप में हरियाणा कि पुरुष व महिला वर्ग कि दोनों टीमों ने क्रमशः प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में हरियाणा ने कर्नाटक को 4-1 से तथा पुरुष वर्ग में भी कर्नाटक को ही 5-0 के अन्तर से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में हरियाणा और मध्यप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में हरियाणा ने मध्यप्रदेश को 7-3 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

---

पुलिस अब तक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई

# मगन की पत्नी और बॉयफ्रेंड ने अदालत में दायर की याचिका, आज होगी सुनवाई

अजय सुहाग की आत्महत्या मामले में नया मोड़ आया

- 18 जून 2025 को मगन ने पत्नी दिव्या और उसके प्रेमी दीपक से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गांव डोभ निवासी मगन उर्फ अजय सुहाग की आत्महत्या मामले में एक नया मोड़ आ गया है। जिन दो मुख्य आरोपियों मगन की पत्नी दिव्या और उसके प्रेमी दीपक को पुलिस महाराष्ट्र तक तलाश रही थी। उन्होंने अब रोहतक कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर कर दी है। इस याचिका पर सुनवाई आज बुधवार को होगी। पुलिस अब तक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिससे उनकी कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि 18 जून 2025 को सामने आया, जब मगन उर्फ अजय सुहाग ने कथित तौर पर अपनी पत्नी दिव्या और उसके प्रेमी दीपक से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मरने से पहले मगन ने एक वीडियो भी बनाया था। जिसमें उसने दोनों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने दिव्या और दीपक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मगन के इस कदम ने न केवल उसके परिवार को सदमे में डाल दिया। परिवार का आरोप है कि मगन को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया।

### पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

इस मामले में पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मगन के पिता रणबीर सुहाग और उनके वकील अशोक कादयान ने बताया कि पुलिस अब तक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। यहां तक कि आरोपियों के फोन भी अभी तक ट्रेस नहीं हो पाए हैं, जिससे उनकी सटीक लोकेशन का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि वे आरोपियों की तलाश में महाराष्ट्र तक गए थे, लेकिन उनका रोहतक कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए पहुंचना पुलिस की दक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या पुलिस जानबूझकर ढिलाई बरत रही थी या आरोपी पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे। ये ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब आम जनता और पीड़ित परिवार जानना चाहता है।

### पीड़ित परिवार का जमानत रद कराने का प्रयास

मगन के पिता रणबीर सुहाग के वकील अशोक कादयान ने बताया कि वे आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका को रद करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ अहम सबूत हैं, जिनके कारण मगन सुहाग आत्महत्या करने के लिए विवश हुआ था। वकील कादयान ने यह भी भरोसा जताया कि मामले में आरोपियों को अग्रिम जमानत नहीं लेने दी जाएगी। वे पीडित परिवार की तरफ से कोर्ट में से कोर्ट में मजबूती से पैरवी करेंगे। रोहतक और आसपास के इलाकों की नजर बनी हुई है, क्योंकि यह न केवल एक आत्महत्या का मामला है, बल्कि इसमें प्रताड़ना, प्रेम प्रसंग और पुलिस की कार्रवाई से जुड़े कई अहम पहलू भी शामिल हैं। सुनवाई इसकी दिशा तय करेगी और बताएगी कि क्या आरोपियों को अग्रिम जमानत मिल पाएगी या उन्हें पुलिस हिरासत में लिया जाएगा।


---

## छुट्टियां खत्म, खुले स्कूल, छात्रों में दिखा उत्साह



**रोहतक।** गर्मियों की छुट्टियों के बाद एक जुलाई से जिले में स्कूल खुल गए हैं। करीब एक माह बाद सुबह-सुबह फिर से सड़कों पर स्कूल जाते बच्चों की चहल-पहल देखने को मिली। गर्मी की छुट्टियों के बाद सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एक बार फिर चहल-पहल लौट आई। लंबे अवकाश के बाद विद्यार्थी यूनिफॉर्म में स्कूल पहुंचे। शिक्षकों ने भी कक्षा में उपस्थिति लेकर पढ़ाई को पटरी पर लाने की शुरुआत की। शिक्षकों का कहना है कि अब शैक्षणिक सत्र को गति देने के लिए सिलेबस की योजना फिर से बनाई जा रही है। कुछ छात्र छुट्टियों के बाद दोबारा पढ़ाई शुरू होने से थोड़े चिंतित दिखे, लेकिन अपने मित्रों से मिलने की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी।

---



### एमडीयू: यूआईईटी ने बीसीए पाठ्यक्रम के लिए पहली काउंसलिंग की

- 312 अभ्यर्थियों ने पहले काउंसलिंग सत्र में भाग लिया

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में मंगलवार को बीसीए पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए प्रथम प्रवेश काउन्सलिंग का आयोजन किया गया। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया की राधाकृष्णन सभागार में आयोजित इस प्रवेश काउन्सलिंग में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम की कुल स्वीकृत सीटें 160 हैं, जिनके अतिरिक्त 24 सुपरन्यूमरेरी सीटें भी उपलब्ध हैं। कुल 704 छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया था। इनमें से 591 छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए, और 312 अभ्यर्थियों ने पहले काउंसलिंग सत्र में भाग लिया। पहली काउंसलिंग के उपरांत कुल 180 सीटें भरी गईं। यूआईईटी के शिक्षकों ने प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया।

---

कार्यक्रम | एडमिरल दिनेश ने आईआईएम रोहतक में भविष्य के पथप्रदर्शकों को किया प्रेरित

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के 16वें बैच के लिए दीक्षारंभ

# 2047 तक विकसित भारत बनने की यात्रा में समुद्री शक्ति एक निर्णायक भूमिका निभाएगी

- नवागंतुक छात्रों में पीजीपी बैच-16 के 329 छात्र और डीपीएम-13 के 8 स्कॉलर सम्मलित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



भारतीय प्रबंध संस्थान रोहतक ने अपने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के 16वें बैच के लिए दीक्षारंभ और अभिविन्यास समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जैन सहित संस्थान के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस वर्ष के नवागंतुक छात्रों में पीजीपी बैच-16 के 329 छात्र और डीपीएम-13 के 8 स्कॉलर सम्मलित हैं। समारोह ने एक नवीन शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत का संकेत दिया, जो संस्थान की मूल भावनाओः नेतृत्व, अनुशासन और उत्कृष्टता के मूल्यों की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान रोहतक के छात्रों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने भारत की समृद्ध समुद्री पहचान पर बल दिया, जिसकी जड़ें 6,000 वर्ष पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता के बंदरगाह नगर लोथल तक जाती हैं। उन्होंने यह दृढ़तापूर्वक कहते हुए कि भारत था, है और हमेशा एक समुद्री राष्ट्र रहेगा,भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य में समुद्रों के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारत के 95% व्यापार (वॉल्यूम के आधार पर) समुद्री मार्गों से होता है और विश्व के 99% इंटरनेट डेटा समुद्र के भीतर केबलों से प्रवाहित होता है, इसलिए 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की यात्रा में समुंद्री शक्ति एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। भारतीय नौसेना की इन जीवन रेखाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हुए उन्होंने हाल ही के ऐसे अभियानों का उल्लेख किया, जिनमें 400 से अधिक लोगों को बचाया गया और पश्चिम एशिया संकट के दौरान 5.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के माल को सुरक्षित किया गया।

### अनुशासन, जिम्मेदारी और सोचने की क्षमता प्रभावी नेतृत्व के जरूरी गुण

कार्यक्रम में संस्थान निदेशक प्रोफेसर धीरेज शर्मा ने उद्धेश्य, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा पर आधारित प्रबंध शिक्षा की संस्था की दृष्टि को साझा करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। उन्होंने केस आधारित शिक्षण पद्धति, ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम, उद्योग से मजबूत जुड़ाव, और योग व समग्र कल्याण पर संस्थान के विशेष ध्यान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आत्म-अनुशासन, जिम्मेदारी और सोचने की क्षमता प्रभावी नेतृत्व के जरूरी गुण हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### नीति आधारित शोध को बढ़ावा देने की पहल

बौद्धिक संवाद और नीति आधारित शोध को बढ़ावा देने की अपनी निरंतर पहल के तहत, संस्थान ने देशभर के पीएचडी शोधार्थीयों के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का योगदान राष्ट्रीय सुरक्षा और गौरव के स्तंभ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में चार विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें 10,000 से 25,000 रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।



## धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style



# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

हॉलीवुड मसाला



## जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



## 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्जा कर लिया है।



## शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



## नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।


टीवी मसाला



## फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

### नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

## रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले



***मुंबई।*** *बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*

## तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में



**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन' फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

### कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

***नई दिल्ली।*** *हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया' ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर' से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप



### शिक्षक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**रोहतक।** पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। संघ के प्रधान वजीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंहमार, महासचिव धर्मेंद्र गोठवाल, उपप्रधान प्रवीण थूआ, कोषाध्यक्ष राजकुमार जांगड़ा, सचिव अनीश अरोड़ा व प्रेस सचिव बिजेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विस्तार सर्वसम्मति से किया गया है। कार्यकारिणी विस्तार का उद्देश्य विश्वविद्यालय के सभी कैडरों से कर्मचारियों को प्रतिनिधित्व देना है ताकि उनके हितों से जुड़े लंबित मुद्दों पर संगठित रूप से काम किया जा सके। संघ ने यह भी निर्णय लिया कि पीजीआई अलाउंस की बढ़ोतरी की मांग को हरियाणा सरकार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के संघ की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में कर्मचारियों से संबंधित लंबित मांगों पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही प्रशासन से मुलाकात कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय खेल नीति को सराहा

**बहादुरगढ़।** भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने नई खेल नीति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है। यह एक ऐतिहासिक पहल है। इससे देश के खेल परिदृश्य को नया आकार मिलेगा। यह भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप है।

### लापता युवक का नहीं लगा सुराग, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** जटवाड़े का निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। परिजनों ने कहा है कि करीब 34 वर्षीय प्रवीण गत 19 मई को घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। सिटी थाने से जांच अधिकारी पवन कुमार ने कहा क गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वाटिका के पास से कार ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** शहर के दयानंद नगर में एक वाटिका के पास से कार चोरी हो गई। दिल्ली के निवासी अनीश कुमार का कहना है कि बहादुरगढ़ के दयानंद नगर में उसकी बुआ रहती है। वह 30 जून को यहां आया था। अपनी गाड़ी कृष्णा वाटिका के पास खड़ी करके बुआ के घर चला गया। कुछ घंटे बाद वापस लौटा तो गाड़ी नहीं मिली। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

## बाढ नियंत्रण के दृष्टिगत उपमंडल स्तर पर स्थापित किए जाएं नियंत्रण कक्ष

# मानसून के मद्देनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के करें पुख्ता प्रबंध : डीसी

**उपायुक्त ने सिंचाई अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल निकासी के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। बाढ़ बचाव प्रबंधन बारे आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी मानसून सीजन के दृष्टिगत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से जल निकासी के सभी प्रबंध तुरंत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बाढ नियंत्रण के लिए उपमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाए तथा सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जाए। इन केंद्रों पर सिंचाई, राजस्व व विकास एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी नियुक्त किए जाए। वह लघु सचिवालय स्थित सभागार में बाढ़ बचाव प्रबंधन बारे आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, महम के उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर, नगराधीश अंकित कुमार व अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जल निकासी के जारी सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में सुपरसकर मशीन से सीवर की सफाई करवाने के लिए मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने खेड़ी साध में पीने के पानी व तालाब की समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सीवर व नालों की सफाई के उपरांत तुरंत कचरे का उठान करवाए ताकि यह कचरा वापिस नालों में न बहें। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से सेक्टर 2 से पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय तक नाले की सफाई की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को कहा कि वे विभाग से संबंधित सडक़ों की सभी पुलिया को खोलना सुनिश्चित करें ताकि वर्षा का पानी साथ-साथ बहकर निकलता रहे। संबंधित विभाग द्वारा सफाई करवाई गई पुलिया तथा कुल पुलिया की संख्या की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### पंप सेट रखवा कर बिजली कनेक्शन करें सुनिश्चित

*सिंचाई विभाग द्वारा चिन्हित स्थाई स्थलों पर पंप सेट रखवाकर बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किए जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्थाई पंप सेट भी तैयार रखें जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को कहा कि वे एक साथ बैठकर आवश्यकता अनुसार स्थलों पर जल निकासी के लिए बिजली के कनेक्शन जारी करने की सभी प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल को निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग द्वारा अप्लाई किए गए सभी बिजली कनेक्शन तुरंत जारी किए जाए।*

### शहरी क्षेत्र में जल निकासी के सभी प्रबंध हो पूरे

*शहरी क्षेत्र में जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा करते हुए नगर निगम तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मानसून सीजन के दृष्टिगत जल निकासी के सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थाई छोटू राम चौक, सुखपुरा चौक, हिसार रोड़ पुराना एचएसआईआईडीसी क्षेत्र व अन्य जल भराव के संभावित क्षेत्रों में पंप सेट इत्यादि तैयार रखें। कहा कि वर्षा शुरू होने के साथ ही डिस्पोजल को चालू किया जाए ताकि साथ-साथ पानी की निकासी होती रहे और ज्यादा पानी जमा न हो।*

### सांपला में सीवर की लीकेज को करवाए ठीक

सांपला में पेयजल पाइप लाइन में सीवर का गंदा पानी मिक्स होने के संदर्भ में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि तुरंत सीवर की लीकेज का पता लगाकर बंद करवाया जाए तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को स्थानीय हिसार रोड़ स्थित पुराना एचएसआईआईडीसी क्षेत्र में जल निकासी के सभी प्रबंध करने को कहा तथा जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल को जल निकासी प्रबंधों का निरीक्षण करने को कहा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के हो पूर्ण प्रबंध

ग्रामीण क्षेत्रों में रिहायशी व कृषि क्षेत्र से जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी संबंधित गांवों में जल निकासी के सभी प्रबंध करें। उन्होंने जिला के गांवों अजायब, भराण, निंदाना, खरक बैंसी, लाखनमाजरा, गांधरा समचाना व अन्य संबंधित गांवों में जल निकासी के प्रबंध करने को कहा। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दृष्टिगत बारिश से पहले तालाबों के पानी को कम किया जाए ताकि वर्षा के दौरान तालाब ओवरफ्लो न हो।

### शहर में जल निकासी के सभी प्रबंध पूरे

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में नालों की सफाई का कार्य जारी है। नाला सफाई के दृष्टिगत दो माह के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाए ताकि आवश्यकता अनुसार निर्बाध रूप से नालों की सफाई का कार्य किया जा सके। निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में जल निकासी के सभी प्रबंध पूर्ण कर लिए गए है।




रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठे में मौजूद डीसी व अन्य अफसर।

## प्रस्तावित सड़क के मामले में जरूरी कार्रवाई करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शहर में रेलवे एलीवेटिड ट्रेक के दोनों तरफ प्रस्तावित सडक़ के निर्माण के संदर्भ में भी निर्देश दिए। उन्होंने लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन व रेलवे एलीवेटिड ट्रेक के साथ-साथ प्रस्तावित सडक़ के निर्माण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा रेलवे एलीवेटिड ट्रेक के साथ प्रस्तावित सडक़ के कार्य को पूर्ण करने के लिए रिहायशी व कॉमर्शियल मकानों के मामले को नियमानुसार निपटाया जाए। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह स्थानीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम के रखरखाव के लिए खेल विभाग के साथ डिपोजिट वर्क के तौर पर कार्य करें। स्टेडियम के रखरखाव के लिए संबंधित सुविधाओं का टेंडर तैयार किया जाए तथा टेंडर अलॉट होने के उपरांत सभी आवश्यक कार्य करवाए जाए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शहर में रेलवे एलीवेटिड ट्रेक के दोनों तरफ प्रस्तावित सडक़ के निर्माण के संदर्भ में भी निर्देश दिए।

### इस अवसर पर ये अफसर रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, महम के उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर, नगराधीश अंकित कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल सहित नगर निगम, लोक निर्माण आदि विभागों के अफसर मौजूद रहे। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कुलपति ने उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। उच्च शिक्षा विभाग की वर्चुअल बैठक मौजूद पदाधिकारी।

हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा और राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हुए। इस बैठक में हरियाणा के विश्वविद्यालयों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने बढ़ते खर्च के कारण वित्तीय खर्च को उजागर करते हुए सरकार से विश्वविद्यालय के वेतन और पेंशन दायित्वों को अपने ऊपर लेने का आग्रह किया। उन्होंने एमडीयू के लिए पिछले साल स्वीकृत 152 रुपये करोड़ के स्वीकृत अनुदान को तत्काल जारी करने का भी अनुरोध किया, जिसे अभी तक वितरित नहीं किया गया है। इसके अलावा,कुलपति ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के पास लंबित विश्वविद्यालय के 125 मैनपावर के प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, निदेशक जनसम्पर्क प्रो. आशीष दहिया तथा एक्सईएन जेएस दहिया उपस्थित रहे।

## एमडीयू में पौधरोपण पखवाड़े का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। पौधारोपण करते भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रथम बैच की छात्रा रुपेश ने बतौर विशिष्ट अतिथि पहला पौधा लगाकर दिव्यांगजनों को समर्पित विशेष पौधरोपण पखवाड़े का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अगुवाई में अभियान विश्वविद्यालय परिसर में आरंभ हुआ। जिसमें दिव्यांगजनों ने पहला पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन, ट्रेनिंग एंड रिसर्च (सिरतार) के दिव्यांगजन विद्यार्थी बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शामिल हुए। इस अभियान की विशेषता यह है कि प्रत्येक दिन कार्यक्रम की शुरुआत एक दिव्यांगजन द्वारा पौधा लगाकर की जाएगी। इससे न केवल दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें पर्यावरणीय गतिविधियों से भी सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है। यह पहल समावेशिता, सम्मान और जागरूकता के मूल्यों को बढ़ावा देती है। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने एमडीयू की इस पहल को अनूठी एवं ऐतिहासिक बताते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि एमडीयू का यह कदम पूरे देश के लिए प्रेरणा है। दिव्यांगजनों को केंद्र में रखकर ऐसा आयोजन समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं।

### ये रहे मौजूद

एसबीआई के डीजीएम डॉ. अरिजीत घोष रॉय तथा रीजनल मैनेजर राम शंकर, डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान तथा कुलसचिव डा. कृष्णकांत,निदेशक कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव प्रो. सुरेन्द्र यादव, निदेशक हॉर्टिकल्चर प्रो. दीपक कौशिक, सिरतार निदेशक डॉ. एडी पासवान, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार आदि रहे।

## इलेक्ट्रोहॉम्योपैथी मेडिकल काउंसलिंग की मांग सीएम के समक्ष रखेंगे : ग्रोवर

- वर्ल्ड डॉक्टर्स डे के अवसर पर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर का स्वागत करते इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के पदाधिकारी।

वर्ल्ड डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय(एमडीयू) में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल (ईएचएमसीएचआर), इटेलिका हर्बल रेमेडीज और ईएचकेडी फार्मा द्वारा डॉक्टर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और सीएमओ डॉ. रमेशचंद्र आर्य रहे। उन्होंने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के डॉक्टर्स समाज में योगदान के लिए सराहना की और उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित किया।

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि डॉक्टर को हमेशा सेवा के रूप में काम करना चाहिए। आजकल चिकित्सा के पेशे को धन अर्जित करने का साधान बना दिया गया है, लेकिन वास्तव में यह मानव पेशा सेवा का है। डॉक्टर को धरती पर भगवान का दर्जा दिया गया है, उसी के अनुरूप डॉक्टर अपने कर्तव्य का निर्वहन करे। इलेक्ट्रोहॉम्योपैथी बेहतरीन चिकित्सा पद्धति है, जिसकी दवाओं का शरीर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं है। ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इलेक्ट्रोहॉम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की जितनी भी मागें हैं सभी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने रखी जाएगी। इस मौके पर ग्रोवर ने इलेक्ट्रोहॉम्योपैथी डॉक्टर्स को सम्मानित किया और सभी का आभार जताया।

### चिकित्सकों को सम्मानित किया

ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र यादव और डॉ. राकेश शर्मा भी इस मौके पर गेस्ट ऑफ हॉनर रहे। कार्यक्रम में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में बेहतरीन काम करने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमडीयू के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट,(आईएचटीएम) के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल, इटेलिका हर्बल रेमेडीज और ईएचकेडी फार्मा के सभी सदस्यों और प्रदेशभर के इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के डॉक्टर्स ने भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश भर से आए इलेक्ट्रो हामम्योपैथी के डॉक्टर, एएएमसी की रजिस्ट्रार डॉक्टर शिवानी, ईएचएमसीएचआर के सेक्रेटरी डॉ. संदीप सैनी, स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ. वीके कौशिक आदि मौजूद रहे।





### नगर निगम ने कूड़ा उठाने के लिए किए अतिरिक्त प्रबंध

रोहतक। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य 30 जून 2025 को समाप्त हो चुका है। इस सेवा के लिए नगर निगम द्वारा तीन माह की अवधि के लिए शॉर्ट टर्म टेंडर जारी किया गया है, जिसे 4 जुलाई 2025 को खोला जाएगा और नियमानुसार नई एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा। तब तक की वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगर निगम ने तात्कालिक राहत प्रदान करते हुए अतिरिक्त 15 ट्रैक्टर-ट्रॉली सेवाओं को शहर में तैनात किया है। इसके साथ ही पहले से कार्यरत एजेंसियों द्वारा भी अपने संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि कूड़ा उठान का कार्य बाधित न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा कि सफाई शाखा के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने वार्डों में कूड़ा उठान सुनिश्चित करें और समय पर कचरा उठवाएं। नगर निगम की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी।

## लोग मानव भलाई के लिए नेत्रदान व रक्तदान को आगे आएं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा अन्य संस्थाओं नेत्रदान शिविर में लाभार्थियों को चश्मे वितरित करते पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान व नेत्रदान मानवता की भलाई के कार्य है। हमें समाज से हमेशा लेने की इच्छा ही नहीं रखनी चाहिए बल्कि समाज को कुछ देने का भाव भी रखना चाहिए। नागरिक मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कर देखने में असमर्थ व्यक्तियों की जिंदगी में नया उजाला कर सकते है तथा जीवित रहते हुए रक्तदान कर जरूरतमंद व्यक्तियों की जिंदगी बचाई जा सकती है।धर्मेंद्र सिंह स्थानीय सुभाष चौक पर चिकित्सक दिवस पर जिला रेडक्रॉस व अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित नेत्रदान व रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितगण से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए और उन्होंने रक्तदाताओं को अपना संदेश दिया। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा अन्य संस्थाओं द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे है। लोगों को नेत्रदान के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान से जरूरतमंद व्यक्तियों को कॉर्निया प्रदान कर उनकी जिंदगी को रोशन किया जा सकता है।

## डॉक्टर्स-डे पर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का जांचा स्वास्थ्य

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर में उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया की जांच करते डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन में स्थित पुलिस अस्पताल, संतोष कैंसर फाउंडेशन हिसार व वी केयर अस्पताल के सहयोग से पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जांच शिविर में 100 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों व जवानों के स्वास्थ्य की जांच की गई है। शिविर में ईसीजी, बीपी, शुगर, आखो, कॉनो, बीएमडी (मशीन द्वारा हड्डियों मे कैल्शियम की जांच), पीएफटी (फेफड़ों की जांच), दांतो आदि की जांच की गई।

उन्होने कहा कि सीपीआर तकनीक बहुत उपयोगी है जिसके बारे मे ज्ञान होना बहुत जरुरी है। जब भी कोई घटना होती है तो सबसे पहले पुलिस मौके पर पहुचती है इसलिए पुलिस जवानो को सीपीआर तकनीक के बारे मे ज्ञान होना बहुत जरुरी है। कार्डियक अरेस्ट व्यक्ति को कभी भी किसी भी स्थान पर हो सकता है। पार्क में, स्कूल में, बाजार में, सड़क पर चलते समय कभी भी कोई व्यक्ति कार्डियक अरेस्ट का शिकार हो सकता है। अगर आपको सीपीआर तकनीक का ज्ञान है तो आप किसी को जीवनदान दे सकते है। जवानों को सी.पी.आर. व कार्डियक अरेस्ट बारे बताया कि किन-2 तरीकों से हम पीड़ित व्यक्ति की जान बचा सकते है। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया द्वारा भी सीपीआर तकनीक का अभ्यास किया गया। पुलिस जवानो को आगे भी सीपीआर का अभ्यास कराया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. विकास कक्कड, डॉ.रोहित जाखड, डॉ रोहित अरोडा, डॉ धीरज यादव, डॉ रिदम, डॉ अमित, डॉ जयकृत भुटानी, फार्मासिस्ट हरेन्द्र कटारिया व पुलिस अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा है।

### हेल्थ वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया

फार्मासिस्ट हरेन्द्र कटारिया व उनकी टीम के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन हुआ है। स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ-साथ हेल्थ वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। हेल्थ वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य है कि प्रतिदिन बढ़ रही बीमारियों की पहचान कर उनसे बचने बारे उपायो के बारे मे अवगत कराना। जवानो को हेल्थ वर्कशॉप मे बीपी, शुगर, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक आदि जैसी बीमारियों को पहचानने व उनके उपायों बारे अवगत कराया गया। डॉ जयकृत भुटानी व सीपीआर ट्रेनर राजबीर द्वारा जवानो को सीपीआर की ट्रैनिंग दी गई। जवानो को सीपीआर तकनीक का अभ्यास करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### नन्हे पर्यावरण प्रेमियों ने दिया सकारात्मक संदेश

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने पर जोर दे रही क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से जुड़े दो नन्हे पर्यावरण प्रेमियों ने समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। दो बालकों ने पर्यावरण/हरियाली संरक्षण का 90 दिन का चैलेंज पूरा किया है। बहादुरगढ़ के रहने वाले करीब 11 वर्षीय विवान और 6 वर्षीय विराज ने गत एक अप्रैल को अपनी यह मुहिम शुरू की थी। इस दौरान लगातार 90 दिन तक पौधों की नियमित देखरेख की, उन्हें पानी दिया और संवारा। विवान और विराज दोनों सगे भाई हैं और इन्हें यह प्रेरणा अपने अभिभावकों व ट्रस्ट के सदस्यों से मिली है। इनके प्रयासों की लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं। विवान और विराज ने कहा कि पेड़, पौधे हमें बहुत कुछ देते हैं।

### कार्यरत चिकित्सकों के नाम किए पौधे रोपित

**झज्जर।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में वर्ल्ड डॉक्टर-डे के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नरेश दहिया ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्टरों के नाम एक पौधा रोपित किया गया। इस दौरान चीफ फार्मेसी अधिकारी बलविंद्र, डॉक्टर मोनिका, डॉक्टर दीपिका सांगवान, डॉक्टर नुपुर, कविता गुलिया, सुदेश राठी, संतोष बल्हारा, अंजू, कृष्णा, सपना, पल्लवी, फार्मेसी अधिकारी जितेंद्र डीआईसी मैनेजर अंजु, कुलदीप, ललित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

दो चरणों में आयोजित होगा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ

# रोहतक में 26 खेलों की होगी ट्रायल स्टेट महाकुंभ के लिए चुनेंगे टीमें

सीनियर श्रेणी में 26 खेलों को दो चरणों में 11 से 13 जुलाई तथा 15 से 17 जुलाई 2025 तक करवाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन (पुरुष एवं महिला) सीनियर श्रेणी में 26 खेलों को दो चरणों में 11 से 13 जुलाई तथा 15 से 17 जुलाई 2025 तक करवाने का निर्णय लिया गया है।

खेल विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ हेतु 26 खेलों की जिला रोहतक की टीम का चयन करने हेतु खिलाड़ियों के जिला स्तरीय चयन ट्रायल विवरण अनुसार लिए जाएंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित स्थान व तिथि अनुसार अपना पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की प्रति व रिहायशी प्रमाण पत्र की प्रति साथ लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आर्चरी खेल के लिए ट्रायल 4 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, एथलैटिक्स के लिए 3 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, बैडमिंटन खेल के लिए 4 जुलाई को सुबह 7 बजे स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम, बॉक्सिंग खेल के लिए 4 जुलाई को सुबह 6 से 7 बजे वेट व 9 बजे ट्रायल सर छोटूराम स्टेडियम, बास्केटबाल खेल के लिए 5 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम, साईकलिंग के लिए 4 जुलाई को सुबह 10 बजे स्थानीय सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, कायकिंग एवं क्रोईंग के लिए 3 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम, तलवारबाजी के लिए 3 जुलाई को 10 बजे (लड़किया) व 4 जुलाई को 10 बजे (लडक़े) स्थानीय काठ मंडी स्थित विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फुटबाल के लिए 4 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजे (लड़कियां) व 5 जुलाई को सुबह साढ़े 10बजे (लडक़े) सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, जिम्नस्टिक (रिदमिक लड़कियां) के लिए 3 जुलाई को शाम साढ़े 4 बजे सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, जिम्नस्टिक (रिदमिक लडक़े) के लिए 3 व 4 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम में होगी।

### इस प्रकार होंगे खेल

हॉकी के लिए 4 जुलाई को शाम 4 बजे लड़किया व 5 जुलाई को सायं 4 बजे लडक़े सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, जूडो खेल के लिए 4 जुलाई को सायं 3 बजे स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम, कबड्डी के लिए 4 जुलाई को सुबह 9 बजे गांव मकडौली स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, खो-खो के लिए 4 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, रोविंग के लिए 3 जुलाई को सुबह 9 बजे सर छोटूराम स्टेडियम, टेनिस के लिए 4 जुलाई को सुबह 9 बजे सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, शूटिंग के लिए 3 जुलाई को सुबह 11 बजे लड़कियां व 4 जुलाई को सुबह 11 बजे स्थानीय टैगोर कॉलोनी सेक्टर 28 स्थित गन फॉर विक्टरी शूटिंग रेंज, तैराकी के लिए 3 जुलाई को शाम 4 बजे स्थानीय एमडीयू स्वीमिंग पूल, टेबल टेनिस के लिए 4 जुलाई को शाम 4 बजे आईसी कॉलेज, कुश्ती के लिए 4 जुलाई को सुबह 9 बजे सर छोटूराम स्टेडियम, वेट लिफ्टिंग के लिए 4 जुलाई को सुबह 9 बजे महम स्थित खेल स्टेडियम, वालीबाल के लिए 4 जुलाई को शाम साढ़े तीन 3 बजे सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, हैण्डबाल के लिए 3 जुलाई को सायं 4:30 बजे गांव बोहर स्थित मिन्नी स्टेडियम, ताईक्वांडो के लिए 3 जुलाई को सायं 5 बजे स्थानीय एमडीयू स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, क्रिकेट के लिए 3 जुलाई को सायं 4 बजे स्थानीय सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर व नैटबाल के लिए 3 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थानीय सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ट्रायल होंगे।

## चिकित्सक दिवस पर डॉ. अश्वनी चहल सम्मानित



रोहतक। डॉ. अश्वनी चहल को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ,क्लब अध्यक्ष सिल्की बंसल व अन्य सदस्य।

**रोहतक।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब की ओर से सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में डॉ. अश्वनी चहल को सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा दिल के छेद से ग्रसित गरीब बच्चों के लिए समय-समय पर निःशुल्क ईको जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। क्लब अध्यक्ष सिल्की बंसल ने सिविल सर्जन को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी जरूरतमंद बच्चों के इलाज या ऑपरेशन में क्लब हरसंभव सहयोग देगा। कार्यक्रम में याशिका जैन, पूजा शर्मा, अर्पण भांभरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## 36 साल से कार्यरत रूप दत्त शर्मा हुए सेवानिवृत

रोहतक

गांव गांधरा निवासी रूप दत्त शर्मा 36 साल 3 महीने एम्स दिल्ली में मेडिकल लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्य करने के बाद रिटायरमेंट हो गए। इनका उनके परिवार में व गांव की तरफ से स्वागत किया गया। इस दौरान एम्स विभाग ने उनका सम्मान किया गया और कहा कि शर्मा ने अपने कार्य के दौरान ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा की है। ऐसे कार्यरत व्यक्तित्व के धनी बहुत ही कम लोग होते हैं। इसके लिए उनको सम्मानित किया गया। योगेश सरपंच, काला गांधरा ,देवदत्त शर्मा रघु दत्त,ओम दत्त सुनील वशिष्ठ व प्रवीण इस मौके पर मौजूद रहे।

## नगर निगम करेगा बेसहारा पशुओं का पुनर्वास

- पहरावर गोशाला में छोड़े जाएंगे पशु : डॉ. आनंद कुमार शर्मा
- मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं कि शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। डॉ. आनंद कुमार शर्मा

नगर निगम अब शहर को आवारा पशु मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय हो गया है। आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय गौशाला, पहरावर के साथ एक समझौता किया गया है, जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र से पकड़े गए बेसहारा पशुओं को वहां छोड़ा जाएगा। मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं कि शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन को आवारा पशुओं से होने वाली असुविधा और दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें, क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और सार्वजनिक जीवन प्रभावित होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहली बार पशु पकड़े जाने पर 5000 जुर्माना, दूसरी बार 11000 जुर्माना, तीसरी बार पशु को जब्त कर 21000 जुर्माना लगाया जाएगा। यह जुर्माना संबंधित पशु धारक से वसूला जाएगा और वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा। नगर निगम की यह पहल शहर में यातायात और जनसुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सख्ती से लागू किया जाएगा और नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## मन की बात कार्यक्रम सुनने पर मंडल अध्यक्ष सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



29 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिला के प्रत्येक बूथ पर सुने जाने व सभी 831 बूथों पर अपलोड होने पर जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने सभी मंडल अध्यक्षों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से पहला ऐसा अवसर है कि जिला रोहतक में राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा दिए गए कार्य को सभी बूथों पर संपन्न किया गया। मन की बात का 123 वां एपिसोड सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा सुना गया। जिला अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता भारतवर्ष में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में नंबर एक पर बनी हुई है। आज उसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री की बात जनता बड़ी ध्यान से सुनती है और उनसे सदैव जुड़ा महसूस करती है। अपने संबोधन में मन की बात के संयोजक राजकमल सहगल ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नही है अपितु जिले के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। जिसने मुझे भी गौरवान्वित किया है। मंडल अध्यक्षों का सम्मान मेरा ही सम्मान है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत को विश्व गुरु बनाने में महती भूमिका अदा करता है। मन की बात अब देश की बात बन गई है। जिससे सब जुड़ा महसूस करते है। जिलाध्यक्ष व उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए उन्होंने आगे कहा कि आगे अन्य कार्यक्रमों को भी बूथ स्तर सफल करेंगे।

### ये रहे मोजूद

*इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिओम भाली, वीर सिंह हुड्डा, जिला महामंत्री आशा शर्मा व सुखबीर चंदेलिया,, जिला सहसंयोजक मन की बात अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, नवीन शर्मा, गीता अहल्यान, अमित चौहान, कुलदीप रुड़की, मुकेश वशिष्ठ, अमित मग्गू, रॉकी सहगल मंडल संयोजक मन की बात मेहताब, विनोद आल्याण, रवि हुड्डा सुरेंद्र माडू, सतीश रोहिल्ला, पवन भाटिया, आईटी सेल प्रमुख विकास पवार, पंकज भारद्वाज आदि अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्राची ने जीता गोल्ड

**झज्जर।** तेलंगाना में 27 जून से 1 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले की खिलाड़ी प्राची धनखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश की बारह सर्वश्रेष्ठ टीमों के अलावा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और टारगे ओलंपिक पोडियम स्कीम की टीम ने भी भाग लिया। प्राची धनखड़ ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए बेहतरीन तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्राची ने भारतीय रेलवे की ओर से हिस्सा लिया और हर राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फाइनल में बाजी मारी।



प्राची धनखड़।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## माजरा बोहर गांव में 50 वर्ष पुरानी श्मशान घाट की दीवार एचएसवीपी ने गिराई, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





माजरा बोहर गांव में स्थित करीब 50 वर्षों पुरानी श्मशान घाट की दीवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा मंगलवार को अचानक गिरा दिया गया। इस कार्रवाई से गांववासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के शमशान घाट की दीवार को क्रेन की मदद से ढहा दिया गया।

नांदल खाप के पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह नांदल ने बताया कि यह शमशान घाट गांव माजरा बोहर के अलावा आसपास के अस्थल बोहर, सेक्टर-27 व 28 के निवासियों के लिए भी दाह संस्कार स्थल के रूप में वर्षों से कार्यरत है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां पीढ़ियों से अंतिम संस्कार की परंपरा निभाई जा रही है। इस अचानक हुई कार्रवाई के विरोध में कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और प्रशासन से जवाब मांगा। लोगों का कहना है कि बिना सूचना इस तरह की कार्रवाई करना न केवल अनुचित है, बल्कि यह धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और श्मशान घाट की व्यवस्था को यथावत बहाल किया जाए। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो गांववासी सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## एसबीआई काहनौर शाखा ने 55वां स्थापना दिवस मनाया



रोहतक। उपभोक्ताओं के साथ केक काटकर भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस मनाते बैंक प्रबंधक अशोक कुमार।

**कलानौर।** कस्बे के गांव काहनौर स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में बैंक शाखा का स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक प्रबंधक अशोक कुमार ने बैंक उपभोक्ताओं के साथ केक काटकर व लड्डू बांटकर शाखा काहनौर के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक कुमार ने बताया कि एसबीआई शाखा काहनौर की आज से 55 साल पहले स्थापना हुई थी। उसके बाद से ग्रामीण क्षेत्र की यह शाखा लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस समय इस शाखा से करीब 20 हजार उपभोक्ता जुड़े हुए है। इस गौरवशाली दिन को लेकर बैंक कर्मियों ने लोगों को ओर अधिक बेहतर सेवाएं देने का प्रण लिया। उन्होंने बैंक की प्रगति के लिए अपने ग्राहकों का आभार भी व्यक्त किया।

संस्थान स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

# चिकित्सक की पहली प्राथमिकता होती है मरीज का इलाज : डॉ एस के सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मंगलवार को अमृत फार्मेसी द्वारा चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और डीन डॉक्टर अशोक चौहान ने केक काटकर चिकित्सकों को बधाई दी। डॉक्टर एस के सिंघल ने अमृत फार्मेसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह दिवस मनाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि यह संस्थान स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सक की पहली प्राथमिकता हमेशा मरीज रहता है, जिसके चलते कई बार वह अपने स्वास्थ्य को भी अनदेखा कर देता है। डॉ. सिंघल ने कहा कि अमृत फार्मेसी की शुरुआत 2015 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य सस्ती दवाएं प्रदान करना है। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि जीवन को आसान बनाने के लिए शरीर का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी होता है। अगर हम बिमारियों से दूर रहेंगे तो जिंदगी हर एक पल खुशहाल रहेगी। आज के समय में भागदौड भरी जिंदगी में तनाव के चलते बिमारियों की चपेट में आ रहे हैं ऐसे में चिकित्सक ही उन्हें ठीक रखने में अहम भूमिका निभाता है। अमृत फार्मेसी के मैनेजर दिव्यांश ने कहा कि चिकित्सक मरीजों के लिए दिन-रात कार्य करते हैं और जनता की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में चिकित्सक दिवस मनाना हमारा कर्तव्य है। डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि इंसानियत की सबसे बड़ी सेवा है। हर साल डॉक्टर्स के समर्पण और योगदान को सम्मान देने के लिए डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। सिटी इंचार्ज संदीप ने बताया कि अमृत फार्मेसी का उद्देश्य सस्ती और विश्वसनीय दवाएं प्रदान करना है, जिससे मरीजों को लाभ हो सके।



रोहतक। निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और डीन डॉक्टर अशोक चौहान ने केक काटकर चिकित्सकों को बधाई देते।

### इन्हें किया गया सम्मानित

अमृत फार्मेसी द्वारा निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, डीन पीजीआईएमएस डॉ. अशोक चौहान, डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. राजेश रोहिल्ला, डॉ. जितेंद जाखड, डॉ. रमेश वर्मा,डॉ. वरूण अरोडा, डॉ. सुनील रोहिल्ला, डॉ. रोहित को सम्मानित किया गया।